**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं.: 2931**

**उत्तर देने की तारीख: 10.03.2026**

**अनुसूचित जाति समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति**

**2931. श्री आदित्य यादव:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने अनुसूचित जाति समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का व्यापक मूल्यांकन किया है जबकि उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में शिक्षा, आजीविका सुरक्षा और सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच से संबंधित चुनौतियां बनी हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और जिले में अनुसूचित जाति के परिवारों की शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार के अवसरों और सामाजिक सुरक्षा कवरेज में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा कार्यान्वित की गई लक्षित कल्याणकारी योजनाओं और संस्थागत उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(श्री रामदास आठवले)**

**(क), (ख) और (ग):** सरकार अनुसूचित जाति समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) का कार्यान्वयन करती है, जो एक केन्द्र प्रायोजित योजना है जिसमें तीन घटक हैं, अर्थात् (i) आदर्श ग्राम, (ii) अनुसूचित जाति (एससी) के सामाजिक-आर्थिक बेहतरी के लिए जिला/राज्य स्तरीय परियोजनाओं के लिए सहायता अनुदान, और (iii) छात्रावास, जिसका उद्देश्य गरीबी कम करना, आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देना और साथ ही सामाजिक-आर्थिक संकेतकों में सुधार करना है। इसके अलावा, समाज के अनुसूचित जाति वर्ग के लिए शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाएं, अनुसूचित जातियों के लिए राष्ट्रीय ओवरसीज छात्रवृत्ति, अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय फेलोशिप, अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए टॉप क्लास शिक्षा की केंद्रीय क्षेत्र की छात्रवृत्ति जैसी छात्रवृत्ति योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके अलावा, व्यक्तिगत उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) लागू की जा रही है ताकि अनुसूचित जाति समुदायों सहित कार्यबल के रोजगार और आय में वृद्धि हो सके। पीएमअजय योजना के- 'आदर्श ग्राम' घटक के तहत, उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में 164 गांवों का चयन किया गया है और 57 गांवों को 'आदर्श ग्राम' घोषित किया गया है।